**अनुक्रमांक/ROLL NO** **सेट/SET: 2**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# केंद्रीय विद्यालय संगठन ,जयपुर संभाग

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN ,JAIPUR REGION**

**अभ्यास परीक्षा/ PRACTICE EXAMINATION :2024-25**

**कक्षा/CLASS: दसवीं/10th**

**विषय /SUB: हिंदी/HINDI (कोड/CODE: 002)**

**अधिकतम अवधि/Time Allowed: 3 Hours** **अधिकतम अंक/ Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश / General Instructions:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं जिसमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है ।
- खंड-घ में कुल चार प्रश्न हैं सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

| **प्रश्न संख्या** | **खंड क (अपठित बोध)** | **अंक 14** |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसे पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 7 |
| | वैज्ञानिकों का मानना है कि दुनियाभर में बढ़ते पर्यावरण संकट को कम करने में जैविक खेती एक उपचारक भूमिका निभा सकती है। गौरतलब है कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में प्राकृतिक खेती बड़े पैमाने पर अपनाई जा रही है। धीरे-धीरे दक्षिण, मध्य भारत और उत्तर भारत में भी यह किसानों में लोकप्रिय हो रही हैं। अब किसानों ने जैविक खेती को एक सशक्त विकल्प के रूप में अपना लिया है। गौरतलब है कि जैविक या प्राकृतिक खेती की तरफ़ भारतीय किसानों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। धीरे धीरे जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। जैविक बीज, जैविक खाद,पानी,किसानी के यंत्रों आदि की आसानी से उपलब्धता जैविक खेती की लोकप्रियता को ओर अधिक बढ़ा सकती है।प्राकृतिक खेती को लेकर | |

| | | |
|---|---|---|
| | अनुसंधान भी बहुत हो रहे हैं। किसान नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। इससे कृषि वैज्ञानिक भी प्राकृतिक खेती को लेकर अधिक उत्साहित हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि जैविक या प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से पर्यावरण, खाद्यान्न, भूमि, इंसान की सेहत, पानी की शुद्धता को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों और समस्याओं की जानकारी न होने की वजह से किसान इनका प्रयोग काफ़ी ज़्यादा करने लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ सिक्किम में प्राकृतिक खेती से पर्यावरण को जितनी मदद मिली है उससे साफ हो गया है कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। | |
| क | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन (A): जैविक खेती को किसानों की पहली पसंद बनानी चाहिए ।<br>कारण (R): जैविक बीज, खाद, किसानी के यंत्र आदि सुविधाएँ किसानों को उपलब्ध करवाने चाहिए।<br>(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।<br>(ख) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।<br>(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।<br>(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। | 1 |
| ख | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन (A): सिक्किम में प्राकृतिक खेती से पर्यावरण को मदद मिली है ।<br>कारण (R): प्राकृतिक खेती को अपनाकर पर्यावरण की कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।<br>(क) कथन (A) सही है परंतु कथन (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) गलत है परंतु कथन (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैपरंतु, कथन (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| ग | असत्य कथन का चयन कीजिए-<br>(क) उत्तर भारत में जैविक खेती किसानो में लोकप्रिय हो रही है ।<br>(ख) प्राकृतिक खेती के लिए विश्वविद्यालय से शिक्षित होना जरुरी है ।<br>(ग) प्राकृतिक खेती को अपनाकर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है ।<br>(घ) धीरे-धीरे जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है । | 1 |
| घ | आपके विचार से आज जैविक खेती की माँग क्यों बढ़ती जा रही है? | 2 |
| ड. | वैज्ञानिकों के अनुसार प्राकृतिक या जैविक खेती से क्या लाभ होंगे? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर उसे पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 7 |
| | यह जीवन क्या है? निर्झर है, मस्ती ही इसका पानी है।<br>सुख-दुख के दोनों तीरों से चल रहा राह मनमानी है।<br>कब फूटा गिरि के अंतर से? किस अंचल से उतरा नीचे।<br>किस घाटी से बह कर आया समतल में अपने को खींचे।<br>निर्झर में गति है जीवन है, वह आगे बढ़ता जाता है।<br>धुन एक सिर्फ़ है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है।<br>बाधा के रोड़ों से लड़ता, वन के पेड़ों से टकराता,<br>बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता।<br>लहरें उठती हैं, गिरती हैं, नाविक तट पर पछताता है,<br>तब यौवन बढ़ता है आगे, निर्झर बढ़ता ही जाता है।<br>निर्झर कहता है बढ़े चलो! देखो मत पीछे मुड़कर,<br>यौवन कहता है बढ़े चलो! सोचो मत क्या होगा चल कर।<br>चलना है केवल चलना है! जीवन चलता ही रहता है,<br>रुक जाना है मर जाना है, निर्झर यह झरकर कहता है। | |
| क | जीवन की तुलना किससे की गई है?<br>(क) लहरों से (ख) नाविक से (ग) निर्झर से (घ) तट से | 1 |
| ख | उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>(i) जीवन का उद्देश्य निरंतर आगे बढ़ना है।<br>(ii) हमें बाधाओं से लड़कर आगे बढ़ना चाहिए।<br>(iii) आम व्यक्ति आगे बढ़ जाता है और युवा शक्ति रूक जाती है।<br>विकल्प<br>(क) (i) और (ii) सही है।<br>(ख) (iii) सही है।<br>(ग) (i) और (iii) सही हैं।<br>(घ) (ii) और (iii) सही है। | 1 |
| ग | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-<br>कथन (A): जीवन व निर्झर में समानता होती है।<br>कारण (R): जिस तरह निर्झर विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ता है, उसी प्रकार जीवन भी आगे बढ़ता है।<br>(क) कथन (A) सही है परंतु कथन (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) गलत है परंतु कथन (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है परंतु, कथन (R) कथन (A) की सही व्याख्या | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | नहीं करता है।<br>(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| घ | निर्झर को बाधाओं को पार करने के लिए क्या करना पड़ता है? | 2 |
| ङ | कवि ने रूक जाने को मर जाना क्यों कहा है? | 2 |
| | **खंड-ख व्यावहारिक व्याकरण** | 16 |
| 3 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 4×1=4 |
| क | जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई और हालदार साहब मूर्ति के बारे में सोचते रहे।<br>(सरल वाक्य में बदलिए) | 1 |
| ख | बालगोबिन भगत ने आदेश दिया कि पतोहू की दूसरी शादी कर देना।<br>(आश्रित उपवाक्य का भेद लिखिए) | 1 |
| ग | अजमेर से पहले पिताजी इंदौर में थे और वही उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी।<br>(मिश्र वाक्य में बदलिए) | 1 |
| घ | जैसे ही संध्या आसमान से उतरती है, वैसे ही पक्षी अपने घोसलों की ओर उड़ने लगते हैं।<br>(आश्रित उपवाक्य वाक्य का भेद लिखिए) | 1 |
| ड. | शहनाई बजाने के लिए रीड का प्रयोग होता है, जो अंदर से पोली होती है।<br>(रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए) | 1 |
| 4. | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | 4×1=4 |
| क | जिस वाक्य में क्रिया कर्म के अनुसार होती है, वह कौन-सा वाच्य होता है? | 1 |
| ख | भोर में लोगों ने बालगोबिन भगत का गीत नहीं सुना। (वाच्य का भेद बताइए) | 1 |
| ग | कवि द्वारा श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन किया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) | 1 |
| घ | पान वाला नया पान खा रहा था। (कर्मवाच्य में बदलिए) | 1 |
| ड. | मैं देख नहीं सकता। (भाववाच्य में बदलिए) | 1 |
| 5. | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए: | 4×1=4 |
| क | <u>अरे वाह!</u> मोहन उतीर्ण हो गया। | 1 |
| ख | बिस्मिल्ला खान का जन्म <u>डुमरांव</u> में हुआ था। | 1 |
| ग | आयुष ने कक्षा <u>दसवीं</u> में प्रथम स्थान प्राप्त किया। | 1 |
| घ | कवि जयशंकर प्रसाद <u>स्वयं</u> को बहुत सामान्य व्यक्ति कहते हैं। | 1 |
| ड. | अंकिता परीक्षा के समय भी फुटबॉल <u>खेल रही थी।</u> | 1 |
| 6. | निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए: | 4×1=4 |
| क | तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान,मृतक में भी डाल देगी जान। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| ख | कलियाँ दरवाज़े खोल खोल जब झुरमुट में मुस्काती हैं। | 1 |
| ग | पीपर पात सरिस मन डोला। | 1 |
| घ | उस वक्त मारे क्रोध के तनु कांपने उनका लगा<br>मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर जगा। | 1 |
| ड. | पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो। | 1 |
| | **खंड-ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )** | 30 |
| 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | 5×1=5 |
| | हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा। मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। एक बेहद बूढ़ा मरियल सा लँगड़ा आदमी सिर पर गांधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक हाथ में एक छोटी सी संदूकची और दूसरे हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था। तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं! फेरी लगाता है! हालदार साहब चक्कर में पड़ गए। पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं? क्या यही इसका वास्तविक नाम है? लेकिन पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं। ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था। काम भी था। हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। | |
| क | हालदर साहब कैप्टन के बारे में क्या जानने को उत्सुक थे?<br>(i) कैप्टन की आमदनी (ii) कैप्टन का खर्च<br>(iii) कैप्टन का वास्तविक नाम (iv) कैप्टन की आजीविका कैसे चलती है | 1 |
| ख | देशभक्त का मजाक उड़ाया जाना किसे अच्छा नहीं लगा?<br>(i) कैप्टन को (ii) हालदर साहब को (iii) चश्मे वाले को (iv) पान वाले को | 1 |
| ग | सही कथन का चयन कीजिए-<br>(I) चश्मे वाला गांधी टोपी लगाता था।<br>(II) चश्मे वाले के हाथ में संदूक होती थी।<br>(III) चश्मे वाला भारतीय सेना का सिपाही था।<br>विकल्प<br>(i) कथन I और II सही है। (ii) कथन I, II और III सही है।<br>(iii) केवल कथन II सही है। (iv) कथन I और III सही है। | 1 |
| घ | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही विकल्प चुने-<br>कथन (A) : कैप्टन चश्मा वाला एक बेहद बूढा मरियल सा लंगड़ा आदमी था ।<br>कारण (R) : वह सिर पर गांधी टोपी और आंखों पर चश्मा लगाए रहता था।<br>(i) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) गलत है।<br>(ii) कथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है ,परंतु कथन (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| ङ | उचित विकल्प का चयन कीजिए-<br>(i) हालदार साहब पानवाले को देखकर अवाक् रह गए।<br>(ii) हालदार साहब का ड्राइवर बेचैन हो रहा था ।<br>(iii) कैप्टन चश्मा वाला फैरी लगाता था।<br>विकल्प<br>(क) (i) और (iii) सही है। (ख) (iii) सही है।<br>(ग) (i) और (ii) सही हैं। (घ) (ii) और (iii) सही है। | 1 |
| 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- | 3×2=6 |
| क | क्या सनक का कोई सकारात्मक रूप हो सकता है? यदि हाँ तो ऐसी सनकों का उल्लेख कीजिए। | 2 |
| ख | लेखिका के पिताजी लेखिका को रसोई से दूर क्यों रखना चाहते थे? अपने विचार लिखो । | 2 |
| ग | बिस्मिल्लाह खान के व्यक्तित्व की कौन कौन-सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया? | 2 |
| घ | आपके अनुसार वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है? | 2 |
| 9. | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | 5×1=5 |
| | बिहसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।।<br>पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारु । चहत उड़ावन फूँकि पहारू ।।<br>इहाँ कुम्हड़बतिआ कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।।<br>देखि कुठारु सरासन बाना । मैं कछु कहा सहित अभिमाना ।।<br>भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी । जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी ।।<br>सुर महिसुर हरिजन अरु गाईं । हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।।<br>बधें पापु अपकीरति हारें । मारतहू पा परिअ तुम्हारें ।।<br>कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा । ब्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा ।।<br>जो बिलोकि अनुचित कहेउँ छमहु महामुनि धीर ।<br>सुनि सरोष भृगुबंसमनि बोले गिरा गंभीर ।। | |
| क | बार-बार फरसा कौन दिखा रहा था ?<br>(i) परशुराम जी (ii) लक्ष्मण (iii) राम जी (iv) विश्वामित्र जी | 1 |
| ख | परशुराम के क्रोधपूर्ण वचनों को सुनकर भी लक्ष्मण अपना क्रोध रोके हुए थे, क्योंकि-<br>(i) लक्ष्मण लड़ना नहीं चाहते थे । | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) वे परशुराम से डरते थे । <br> (iii) श्रीराम ने उन्हें क्रोध करने से रोका । <br> (iv) परशुराम भृगु ऋषि के पुत्र थे और उन्होंने जनेऊ धारण कर रखा था । | |
| ग | 'भृगुबंसमनि' शब्द किसके लिए आया है? <br> (i) लक्ष्मण के लिए (ii) परशुराम जी के लिए <br> (iii) राम जी के लिए (iv) विश्वामित्र जी के लिए | 1 |
| घ | उचित विकल्प का चयन कीजिए- <br> (i) 'कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा' पंक्ति में उपमा अलंकार है। <br> (ii) राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद दोहा-चौपाई छंद में लिखा गया है। <br> (iii) इस पद की भाषा अवधी है। <br> विकल्प <br> (क) (i) और (iii) सही है। (ख) (iii) सही है। <br> (ग) (i) और (ii) सही हैं। (घ) (i),(ii) और (iii) सही है। | 1 |
| ड. | कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- <br> कथन (A): देवता,गाय,ब्राह्मण और भगवान के भक्त पर रघुकुल वंश में वीरता नहीं दिखाई जाती है। <br> कारण (R): इनको मारने से पाप लगता है और संसार में अपकीर्ति होती है। <br> (क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है। <br> (ख) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है। <br> (ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। <br> (घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | 1 |
| 10. | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए: | 3×2=6 |
| क | गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है ? | 2 |
| ख | कवि जयशंकर प्रसाद के मित्र उनसे क्या आग्रह कर रहे थे? वह उनके आग्रह को पूरा क्यों नहीं करना चाहते थे ? | 2 |
| ग | 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर फागुन में उमड़े प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। | 2 |
| घ | संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं ? | 2 |
| 11. | पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए: | 2×4=8 |
| क | आप बताइए कि भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है? | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| ख | आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है। इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए? | 4 |
| ग | हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ- कहाँ और किस तरह से हो रहा है? | 4 |
| | **खंड-घ (रचनात्मक लेखन)** | 20 |
| 12. | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:<br>(क) एक पेड़ माँ के नाम<br>• अभियान की शुरुआत और जनता का योगदान ।<br>• एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाने का कारण ।<br>• इस अभियान के फायदे।<br>(ख) जनसंख्या की समस्या<br>• जनसंख्या वृद्धि के कारण ।<br>• देश की प्रगति में बाधक ।<br>• जनसंख्या नियंत्रित करने के उपाय।<br>(ग) आपदा प्रबंधन<br>• प्राकृतिक आपदाएँ<br>• सरकार की जिम्मेदारी<br>• नागरिकों के कर्त्तव्य। | 1×6=6 |
| 13. | (क) आप गुनगुन\रिषभ है। आप प्लास्टिक की चीजों से हो रही हानि के बारे में किसी समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपने सुझाव दीजिए।<br>अथवा<br>(ख) आप यशोदा/ रिंकू है। आप अपनी बड़ी बहन को योग करने की प्रेरणा देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। | 1×5=5 |
| 14. | (क) आप रजनी/पंकज है। आप बी.ए. कर चुके हैं। किसी कार्यालय में लिपिक पद के लिए आवेदन करना है, इसके लिए आप अपना एक स्ववृत्त लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(ख) आप प्रियंका/दक्ष है। अपने क्षेत्र में गंदगी की समस्या हेतु नगर निगम आयुक्त को अनुरोध करते हुए लगभग 80 शब्दों में ईमेल लिखिए। | 1×5=5 |
| 15. | (क) किसी सौर ऊर्जा संयत्र लगाने वाली कंपनी की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। अथवा<br>(ख) आपके मित्र का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर लगभग 40 शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए। | 1×4=4 |